भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 152
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नई पर्यटन नीति

152. डा. अनिल सुखदेवराव बोंडेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में नई पर्यटन नीति बनाई है या उसकी समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसे कब तक तैयार और कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(घ) निकट भविष्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की क्या योजना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): जी, हां। पर्यटन मंत्रालय ने एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति तैयार की है। मसौदा नीति के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य हैं:

(i) यात्राओं, ठहराव और व्यय में वृद्धि करके तथा भारत को एक वर्ष पर्यन्त पर्यटक गंतव्य बनाकर भारत की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ाना।

(ii) पर्यटन क्षेत्र में रोजगार और उद्यम संबंधी संभावनाओं का सृजन और कुशल कार्यबल की आपूर्ति सुनिश्चित करना।

(iii) पर्यटन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करना।

(iv) देश के सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन।

(v) देश में पर्यटन का स्थायी, जिम्मेदार और समावेशी विकास सुनिश्चित करना।

राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे पर एक मसौदा केबिनेट नोट अंतर मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित किया गया था। विचार-विमर्श और प्राप्त फीडबैक/टिप्पणियों को शामिल करने के पश्चात् मसौदा केबिनेट नोट को संशोधित किया गया है।

सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने और अधिसूचित होने के पश्चात् इस नीति को कार्यान्वित किया जाएगा।

(घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से देश के पर्यटन गंतव्यों को रेखांकित करते हुए विभिन्न थीमों में प्रचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के घरेलू पर्यटन कार्यालय पर्यटन गंतव्यों को प्रमुखता से दिखाने और घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेते हैं और विभिन्न संवर्द्धनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते है। पर्यटन मंत्रालय ने देखो अपना देश पहल के तहत घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास शुरू किए हैं।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पर्यटन उत्पादों और गंतव्यों को प्रोत्साहित करने और वैश्विक पर्यटन बाज़ार में भारत की भागीदारी को बढ़ाने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ मिलकर भारत को पर्यटन सृजक बाज़ारों में एक पसंदीदा पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है। इन उद्देश्यों को यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और विदेशों में भारतीय मिशनों के सहयोग से एकीकृत विपणन तथा संवर्धनात्मक कार्यनीति, वैश्विक मीडिया अभियान और समन्वित संवर्द्धनात्मक उपायों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

इस प्रयास को आगे ले जाने के लिए विदेश मंत्रालय ने भारत को पर्यटन सृजक बाज़ारों में एक पसंदीदा पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने और विभिन्न पर्यटन उत्पादों और गंतव्यों को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय के अनुरोध पर शीर्ष स्त्रोत बाज़ारों के भारतीय मिशनों में पर्यटन अधिकारियों की नियुक्ति की है।

पर्यटन मंत्रालय ने विश्वभर में सुप्रसिद्ध पर्यटक गंतव्यों के रूप में देश के विभिन्न क्षेत्रों के संवर्द्धन के लिए पूरे भारत के प्रमुख आयोजनों, त्यौहारों और लाइव दर्शन के प्रदर्शन के उद्देश्य से उत्सव पोर्टल नामक एक डिजिटल पहल की शुरुआत की है।

पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न आला पर्यटन उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की हैः

(i) साहसिक पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति
(ii) चिकित्सा और निरोगता पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और दिशानिर्देश (रोडमैप)
(iii) माइस उद्योग के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और दिशानिर्देश
(iv) ईको-पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति
(v) स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति
(vi) भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास-आत्मनिर्भर भारत की ओर एक पहल के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप।

*****